## मतगणना के समय सतर्क रहें कार्यकर्ता न होने दें हेराफेरी



पार्टी कार्यालय पर बैठक करते जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह।

**बदायूं, अमृत विचार :** परशुराम चौक स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि मंगलवार को मतगणना होनी है। उन्होंने मतदान अभिकर्ताओं से सतर्क रहकर मतगणना कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल से बाहर कार्यकर्ता बड़ी संख्या में झंडे के साथ मौजूद रहें। जिला उपाध्यक्ष विरेश सिंह तोमर, गौरव राठौर, मीना शाक्य सैनी, सोनपाल शाक्य, अकील अहमद, शफी अहमद, शैख़ रियाज़, बाबू, मुनेंद्र आदि मौजूद रहे।

# दूर होगी जिला अस्पताल की समस्या बांटकर कम करेंगे बिजली का लोड

## आवासों को अलग से दी जाए बिजली, अस्पताल को न हो दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अपर निदेशक विद्युत ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**अमृत विचार :** बिजली संकट से जूझ रहे जिला और महिला अस्पतालों का निरीक्षण सोमवार को अपर निदेशक स्वास्थ्य विभाग एवं सहायक अभियंता विद्युत बरेली की चार सदस्यीय टीम ने किया। दोनों अधिकारियों ने जिला अस्पताल और आवासों में एक ही केवल से बिजली सप्लाई देने पर नाराजगी व्यक्त की। जल्द ही जर्जर तार बदलने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

दोनों अधिकारियों ने बिजली घर देखा और जली केबिल और तार हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि अस्पताल और आवासों में अलग अलग केबिल से बिजली की सप्लाई दी जाए। इसके बाद टीम ने ट्रांसफार्मर के लोड के बारे में जानकारी ली, पैनल को देखा, सीटी स्कैन में बिजली सप्लाई देने वाले केबल को बदलने के लिए कहा। फायर प्लांट के बारे में जानकारी करने के बाद उसे जल्द चालू कराने के निर्देश दिए। ऑक्सीजन प्लांट बंद मिलने पर सीएमएस से जानकारी ली। इस दौरान टीम ने वार्डों को दी जा रही बिजली सप्लाई के लिए डाली गई लाइन का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा टीम ने एक्सरे रूम, ब्लड बैंक, ऑक्सीजन प्लाँट का भी निरीक्षण किया।



सीएमएस कार्यालय में दिशा निर्देश देते अपर निदेशक स्वास्थ्य। ● अमृत विचार

### जांच कर गए, विभाग को अधिकारियों का नाम नहीं पता

जिला व महिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे अपर निदेशक स्वास्थ्य की चार सदस्यीय टीम ने आज दोनों अस्पतालों का निरीक्षण किया। दोनो अस्पतालों में बिजली सम्बंधी पूरी जानकारी ली, घंटो सीएमएस से पूछताछ की गयी। दिशा निर्देश दिए गए मगर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उनका नाम भी पता नहीं चल सका। टीम में शामिल चारो अधिकारी अपना काम करके चले गए मगर यहां किसी को किसी अधिकारी का नाम मालूम नहीं हो सका।

### महिला अस्पताल में खराब एसी मिलने पर सीएमएस को लगाई फटकार

टीम ने महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां बिजली की लाइन, सर्जिकल वार्ड, देखे। वार्ड में एसी बंद होने पर सीएमएस को फटकार लगाई और एसी जल्द सही कराने के निर्देश दिए। काफी समय से बंद पड़ी लिफ्ट को पूरी तरह ठीक कराने को कहा। चौथी मंजिल पर बिजली की लाइन को बदलने के निर्देश दिए जिससे कि ट्रिपिंग पर अंकुश लगाया जा सके। निरीक्षण के समय चार सदस्यीय टीम ने आरओ का पानी चेक किया जो गर्म मिला, जिस पर आरओ मशीन को ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

> जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए शासन स्तर से चार सदस्यीय टीम लखनऊ से आई थी। बिजली उपकरणों समेत अस्पताल में व्याप्त अन्य समस्याओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं। कमियों को जल्द सुधार लिया जाएगा।
> –डा. कप्तान सिंह, सीएमएस जिला अस्पताल

## परिषदीय स्कूलों में बदला गया प्रार्थना का तरीका

**बदायूं, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों का मनोबल बढ़ाने और शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए लगातार प्रयोग किए जा रहे हैं। अब परिषदीय स्कूलों में प्रार्थना के पैटर्न में बदलाव किया गया है। जिसमें रोज अलग अलग प्रार्थनाएं आयोजित कराई जाएंगी। प्रार्थनाओं के संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग को आदेश प्राप्त हो गया है। जिसे छुट्टियों के बाद में अमल में लाया जाएगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाती भारती ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में अब हर दिन अलग अलग प्रार्थनाएं होंगी। प्रार्थना का का आयोजन शैक्षिक कार्य शुरू होने से 15 मिनट पूर्व कराया जाएगा। इसे शैक्षिक कैलेंडर में भी शामिल किया गया है।

बताया कि सोमवार को वह शक्ति हमें दो दयानिधे कर्तव्य मार्ग पर डट जाएं, मंगलवार को दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना। बुधवार को ए मालिक तेरे बंदे हम, ऐसे हो हमारे करम आदि प्रार्थनाएं कराई जाएंगीं। नए पैटर्न पर आधारित प्रार्थनाएं छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने पर शुरू करा दी जाएंगीं। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## जिला अस्पताल में चार दिन बाद खुला सीटी स्कैन सेंटर



जिला अस्पताल के सीटी स्कैन सेंटर में सीटी स्कैन करा रही महिला। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गर्मी और बिजली की ट्रिपिंग के चलते बंद थी मशीन

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और बिजली की किल्लत के चलते चार दिन से बंद सीटी स्कैन मशीन सोमवार को चालू हो गयी। इस दौरान रोगियों की भीड़ लगी रही। सोमवार को भी ट्रिपिंग से कुछ देर के लिए दिक्कत हुई, फिर भी काम होता रहा।

इन दिनों तेज धूप के कारण गर्मी अधिक हो रही है। गर्मी के कारण बिजली की अव्यवस्था बनी रहती है। इसी अव्यवस्था के चलते जिला अस्पताल स्थित सीटी स्कैन सेंटर शुक्रवार को बंद कर दिया गया। सोमवार को बिजली व्यवस्था सही होने पर सीटी स्कैन टैक्नीशियन ने काम शुरू कर दिए। ऐसे में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर एक बजे तक करीब 35 मरीजों के सीटी स्कैन किए गए। सीटी स्कैन के प्रबंधक नसीर ने बताया कि बिजली सप्लाई सही होने पर कक्ष ठंडा हो गया, इसलिए कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि ट्रिपिंग से दो बार काम रोकना पड़ा। सोमवार को 102 रोगियों के सीटी स्कैन होने थे।

### स्वास्थ्य केंद्रों पर रोगियों को दें लू से बचने के टिप्स: सीएमओ

**बदायूं।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अब्दुल सलाम खान ने सीएचसी और पीएचसी प्रभारियों के साथ सोमवार को सीएमओ कार्यालय में बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर अग्निशमन यंत्र, बिजली और पानी की व्यवस्था ठीक रहे, जिससे रोगियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। सीएमओ ने बैठक में कहा कि इस वक्त लू का खतरा अधिक है। अस्पताल पर आने वाले रोगियों को लू से बचने के उपाय बताकर जागरूक करें। कार्यालयों में बिजली के जर्जर तार बदलवा दें, ताकि शार्ट सर्किट से आग लगने जैसी संभावनाएं समाप्त हो जाएं। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि बिना सूचना दिए केंद्र को न छोड़ें। औचक निरीक्षण में यदि कोई लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## पचास हजार श्रमिकों को बीस रुपये बढ़कर मिलेगी मजदूरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- श्रम विभाग में पंजीकृत सभी श्रमिकों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** श्रम प्रवर्तन कार्यालय में पंजीकृत श्रमिकों की मजदूरी में 15 से 20 रुपये का इजाफा हुआ है। जिसका लाभ करीब 50 हजार से अधिक श्रमिकों को मिलेगा। शासन द्वारा जारी किए गए आदेशों से विभागीय अधिकारियों ने ठेकेदारों को अवगत कराया है।

श्रम विभाग में पंजीकृत कुशल, अकुशल और अर्ध कुशल श्रमिकों की संख्या 50 हजार से अधिक है। जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत होने वाले श्रमिकों की मजदूरी में वर्ष में दो बार वृद्धि की जाती है। तीन वर्गों में विभक्त श्रमिकों की मजदूरी भी अलग-अलग निर्धारित है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र मिश्रा ने बताया कि अकुशल श्रमिकों की 395 रुपये, अर्ध कुशल श्रमिकों का 435 रुपये व कुशल श्रमिकों का 487 रुपये मजदूरी प्रतिदिन के अनुसार निर्धारित है। हाल के दिनों में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बैठक हुई थी। जिसमें सभी वर्ग के श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि की गई है। इसमें अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 15 रुपये बढ़ाकर 410, अर्थ कुशल श्रमिकों 16 रुपये बढ़ाकर 451 रुपये जबकि कुशल श्रमिकों की मजदूरी 18 रुपये बढ़ाकर 505 रुपये कर दी गई है। बताया कि श्रमिकों को बढ़ी हुई मजदूरी का लाभ अप्रैल माह से दिलाया जाएगा। इसे लेकर ठेकेदारों और अन्य निर्माण से जुड़ी एजेंसियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## बकाया अदा न करने पर किसानों के खाते सीज किए

**बिल्सी, अमृत विचार :** एसडीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने वसूली अभियान को तेज कर दिया है। सोमवार को नायब तहसीलदार बदन सिंह टीम के साथ अंबियापुर पंजाब नेशनल बैंक पंहुचे। यहां बैंक के बाकीदार निवासी गांव बधौली श्री राम, विष्णु दयाल, पूरन सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर पर पंजाब नेशनल बैंक अंबियापुर की लाखों की बकाया धनराशि निकल रही है। उक्त किसानों की पूर्व में आरसी भी जारी हो चुकी है। साथ ही कई बार नोटिस भी दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके उन्होंने बकाया जमा नहीं किया है। जिस पर सोमवार को तहसील की राजस्व टीम ने तीनों किसानों के बैंक खाते सीज कर दिए। जिसके बाद क्षेत्र के किसानों में खलबली मच गई है।

# ग्रामीणों को मच्छरदानी देकर मलेरिया से जंग लड़ेगा विभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मलेरिया विभाग की ओर से प्रथम चरण में पांच ब्लॉकों में बांटी जाएगी मच्छरदानी
- गांवों में व्याप्त है गंदगी, पांच सौ रोगियों के ब्लड सैंपल लेकर विभाग ने कराई जांच

**अमृत विचार :** लोगों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने को मलेरिया विभाग जून के अंतिम सप्ताह में मच्छरदानी वितरण करेगा। पहले चरण में पांच ब्लॉकों में मच्छरदानी बांटी जाएगी उसके बाद अन्य ब्लॉकों में बांटी जाएंगी।

वर्ष 2022 की तरह इस वर्ष भी विभाग मच्छरदानी वितरण करेगा। मलेरिया विभाग को निर्देश मिल चुके हैं। इस वर्ष तीन लाख मच्छरदानी बांटने का लक्ष्य है। सर्वप्रथम जिले के पांच ब्लॉकों को चयनित किया जाएगा। ब्लॉक चयन का कार्य 7 जून से शुरू कर दिया जाएगा। मच्छरदानी वितरण का जिम्मा गांवों में आशा वर्कर्स को दिया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर भी मच्छरदानी का वितरण किया जाएगा। मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मच्छरदानी वितरण के साथ ही विभाग सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### मलेरिया माह में लिए जाएंगे 3.80 लाख ब्लड सैंपल

मलेरिया विभाग ने एक जून से मलेरिया माह शुरू कर दिया है। मलेरिया माह के तहत गांव गांव आशा कार्यकत्री बुखार पीड़ितों के सैंपल ले रही हैं। दो दिन में सभी ब्लॉक क्षेत्रों से करीब पांच सौ ब्लड सैंपल लिए गए हैं। मलेरिया माह के अन्तर्गत 3 लाख 80 हजार ब्लड सैंपल लिए जाएंगे।

> मलेरिया माह के तहत जिले के सभी गांवों में आशाएं पहुंचेगी। गांवों में बीमार लोगों के भी ब्लड सैंपल लिए जाएंगे। दो दिनो में करीब पांच सौ ब्लड सैंपल लिए जा चुके हैं। पूरे महीने अभियान चलाया जाएगा जिससे ब्लड सैंपल का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इस कार्य में मलेरिया निरीक्षकों को भी लगाया गया है। आशा वर्कर्स हर रोज रिपोर्ट शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचा रहीं हैं।
> –डा. योगेश कुमार सारस्वत, जिला मलेरिया अधिकारी

## गड़बड़ी हुई तो पूरी तरह से हैं तैयार: आदित्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



पत्रकारों से बात करते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आदित्य यादव। ● अमृत विचार

- सपा प्रत्याशी ने कहा- गड़बड़ी की आशंका नहीं है, यदि फिर भी हुई तो वह पूरी तरह से तैयार हैं

**अमृत विचार :** प्रत्याशियों की मेहनत को फल आज मिलेगा। मंगलवार शाम तय हो जाएगा कि सांसद का ताज किसके सिर पर सजेगा। मतगणना से पहले सोमवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आदित्य यादव ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान गड़बड़ी की आशंका नहीं है फिर भी अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी का अंदेशा होता है तो वह पूरी तरह से तैयार हैं।

सपा कार्यालय पर हुई प्रेसवार्ता में आदित्य यादव ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई के खिलाफ लड़ाई को मुकाम पर पहुंचाने का समय चार जून को आ गया है। यह चुनाव तानाशाही से संविधान मिटाने वालों के खिलाफ है। हर समाज के लोगों ने इंडिया गठबंधन को मजबूत किया है। एक एग्जिट पोल दिखाकर भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। पीडीए के चलते प्रदेश की कई सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीत रहे हैं। पिछले चुनावों में जाति धर्म पर वोट मांगते थे और इस बार तो मंगलसूत्र पर भी वोट मांगे। भाजपा सरकार में रोजमर्रा की चीजों को महंगा कर दिया है। पेपर तक लीक हो रहे हैं। बदायूं की जनता उन्हें चुनाव जिताने जा रही है। कहा कि हम पक्ष में रहें या विपक्ष में लेकिन लोगों के हक के लिए हमेशा तैयार हैं। हर समाज को जोड़कर काम करेंगे। प्रशासन को चुनाव आयोग के आदेश का पालन करना चाहिए। कहा कि पिछले चुनाव में देखा गया था कि बाहर की फोर्स चुनाव कराती थी, लेकिन इस बार स्थानीय पुलिस को ज्यादा लगाया गया। सहसवान विधायक ब्रजेश यादव, शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव, सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, कैप्टन अर्जुन सिंह, बलवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## चकरोड पर दबंगों ने कब्जा करके किया निर्माण

**दबतरा, अमृत विचार :** बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव अतरपुरा में दबंग लोगों ने चकरोड को काटकर अपने खेतों में मिलाकर निर्माण कर लिया। जिसकी शिकायत गांव निवासी कुंवरपाल ने डीएम व डीजीपी से की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके खेत के पास से ही चकरोड निकल रहा है। जिस पर गांव के ही रामसिंह, जगमोहन, चंदन, सूरज पाल, गब्बर, हरिओम, छोटे, शिव शंकर, अमित आदि लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से खेतों की जाने वाला मार्ग बंद हो गया है। चकरोड पर कब्जा करने को लेकर पूर्व में एसडीएम से शिकायत की थी। एसडीएम के निर्देश पर हल्का लेखपाल रामेश्वर ने चकरोड का निरीक्षण कर पक्के निशान लगा दिए थे। जिसे संबंधित लोगों ने हटा दिए। अब उस स्थान पर निर्माण कर लिया गया है।

## विधिक सचिव ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का जाना हाल



आश्रम के बुजुर्गों से वार्ता करतीं विधिक सचिव शिव कुमारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वृद्धजनों को विधिक सहायता के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिव कुमारी कछला स्थित नवजीवन वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा वृद्धजनों से वार्ता की। साथ ही विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी।

विधिक सचिव ने निरीक्षण के दौरान आश्रम संचालक से पूछताछ की। साथ ही आश्रम में साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा वहां पर निवास कर रहे वृद्धजनों से वार्ता की। इस मौके पर प्रबंधक प्रदीप कुमार, मुरारीलाल, नमिता माथुर, जगदीश, दिनेश कुमार, पूनम, वीरपाल आदि मौजूद रहे।

## मंदिर की रसोइघर व सामान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के बिरुआबाड़ी मंदिर के पास भोला धाम की रसोईघर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर अग्निशमन की गाड़ियां पहुंचीं। सड़क पर जाम लग गया। अग्निशमन की गाड़ियों से छिड़काव के बाद आग पर काबू पाया गया।

हादसा सोमवार देर शाम लगभग साढ़े सात बजे के बाद हुआ। शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर से सटा भोला धाम मैरिज लॉन है। व्यापारी राजीव भारद्वाज ने बताया कि मंदिर के बाद रसोइघर और मैरिज लॉन के टेंट के सामान में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। टैंट का सामान जला है। आग की लपटें देखकर कर्मचारियों को जानकारी हुई। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने दीवार तोड़कर पानी का छिड़काव करके आग पर काबू पाया। हादसे में लगभग चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने पर क्षेत्र में भगदड़ मच गई।



आग लगने के बाद उठतीं लपटें। ● अमृत विचार

## आठ माह की गर्भवती की टीबी से मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** टीबी रोग से पीड़ित आठ माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव मौजमपुर की रहने वाली थी।

जनपद बदायूं के थाना बिसौली क्षेत्र के गांव मौजमपुर निवासी रामश्री पत्नी धर्मेंद्र कुमार चार माह से टीबी की बीमारी थी। महिला का उपचार बिसौली सीएचसी में हो रहा था। सोमवार की शाम छह बजे महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने सुभाष रोड स्थित निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने परिजनों से सीएचसी लेकर जाने की सलाह दी। परिजन महिला को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला आठ माह की गर्भवती बताई जा रही है।

School Education ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Budaun Office : Qadir Market, Indira Chowk, Ph.: 9105050213
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 7417309873 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

www.anacollege.org
ANA Group of Institutions
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM
•B.Pharma •D.Pharma
•Polytechnic •M.Tech
•B.Tech •M.B.A.
•B.B.A. •B.C.A.
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805




# लोकसभा चुनाव : करवटें बदलते गुजरी प्रत्याशियों की रात

## सुबह आठ बजे ईवीएम खुलते ही आना शुरू हो जाएगा चुनाव परिणाम, प्रशासन की ओर से पूरी की गई मतगणना की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** इंतजार की घड़ियां समाप्त हुई। कुछ ही घंटों के बाद परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। पूरी रात प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ गई है। वह रात भर करवटें बदलते रहे। मंगलवार सुबह आठ बजे ईवीएम खुलते ही नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। वही मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मंडी समिति में मतगणना के दौरान बिना पास के किसी को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इधर लोकसभा सीट बदायूं से कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य राजनीतिक दलों से तीन प्रत्याशी हैं। भाजपा, सपा -कांग्रेस गठबंधन और बसपा से हैं। मगर लड़ाई भाजपा के दर्विजय सिंह और सपा के आदित्य यादव के बीच है। परिणाम किसके पक्ष में रहेगा। दोपहर एक बजे के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो जाएगी। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने मंडी समिति में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल लगाई जाएंगी और 33 राउंड की मतगणना होगी। पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए एक अलग से टेबल होगी और उस पर आरओ रहेंगे। वहीं कार्मिक वोटों की गिनती व घर-घर जाकर जो वोट डलवाए गए उनके लिए छह टेबल अलग से लगाई जाएंगी।



मंडी समिति गेट के बाहर की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार


मतगणना स्थल पर लगाया गया बैरियर, तैनात रहेगा पुलिस बल। ● अमृत विचार

### मंडी समिति गेट पर की गई बैरिकेडिंग

मंडी समिति गेट से 5 सौ मीटर की दूरी तक बैरिकेटिंग कर दी गई है। जगह जगह पुलिस ने बैरियर लगा दिए हैं। मंगलवार को मंडी समिति रोड को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया जाएगा। कोई भी वाहन इस ओर नहीं जाने दिया जाएगा। इसके लिए यातायात पुलिस ने रुट चार्ट पहले ही तैयार कर लिया है।

### प्रमुख दलों को छोड़ अन्य प्रत्याशियों को सामने जमानत बचाने की होगी चुनौती

बदायूं लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले 11 प्रत्याशियों में से ज्यादातर के सामने जमानत बचाने की चुनौती है। बदायूं लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले जो प्रत्याशी 2 लाख वोट हासिल करेंगे। उनकी ही जमानत बच पाएगी। चुनाव आयोग के नियमानुसार लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को कुल पड़े वोट का 1/6 वोट हासिल करना जरूरी होता है, जब इतने वोट किसी प्रत्याशी मिलते हैं, तभी नामांकन के वक्त जमा 25 हजार रुपये की जमानत बच पाती है। इतने वोट न मिले तो जमा रुपये जब्त हो जाते हैं। चुनाव के दौरान वोटों का ज्यादा हिस्सा प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच बंट गया है। ऐसे में निर्दलियों की जमानत बचना मुश्किल रहेगी। बदायूं लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों में 2008758 मतदाता हैं। इनमें से 1091697 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। कुल 54 .35 मतदान हुआ था।

### मतगणना स्थल पर गर्मी से बचाव के रहेंगे इंतजाम

सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए एजेंट बना लिए हैं। एजेंटों की सूची सूची जिला प्रशासन को सौंप दी है। मतदान के दिन गर्मी से कई कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ने की खबरें आईं। इस पर निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए गए कि मतगणना स्थल पर कूलर, पंखा और एसी की व्यवस्था की जाए। ओआरएस घोल और पेयजल व भोजन की अच्छी व्यवस्था रहे। किसी भी कर्मी की तबीयत नहीं बिगड़े इसका खास ध्यान रखा जाए। मतगणना स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहेगी।


मतगणना स्थल पर अधिकारियों को दिशा निर्देशत देते डीएम मनोज कुमार।

## रेलवे स्टेशन पर वृद्ध की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**बदायूं, अमृत विचार :** तीन दिन पूर्व रेलवे स्टेशन पर एक वृद्ध बेहोश हो गया। जिसे आरपीएफ ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद सुरक्षित रख दिया गया है।

एक जून को रेलवे स्टेशन पर बैठा एक वृद्ध अचानक बेहोश हो गया। आस पास के यात्रियों ने इसकी सूचना जीआरपी को दी, जिसके बाद जीआरपी पुलिस और आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए। बेहोश वृद्ध को जिला अस्पताल ले जाया गया, जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आरपीएफ ने शव का पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित रख दिया है। मृतक का नाम पता मालूम नहीं हो सका है। जीआरपी थानाध्यक्ष पिंकी चौहान ने बताया कि मृतक के पास कोई कागज, आधार कार्ड या अन्य आईडी प्रूफ नहीं था, जिससे कि उसकी शिनाख्त हो सके। फिलहाल शव को रख दिया गया है। उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## युवक को फोन पर दी जान से मारने की धमकी

**विजय नगला।** एक युवक को किसी ने मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी है। जिस पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव घटपुरी निवासी राहुल चौहान पुत्र मदनपाल सिंह चौहान ने बताया कि उसे दो बार फोन कर जान से मारने धमकी दी गई। सामने वाले पूछने पर अपना नाम शिवाकांत शर्मा बताया है। पीड़ित ने संबंधित के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मोबाइल डिटेल के आधार पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ व धमकी के दोषी को सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● कोर्ट ने दोषी सुनाई चार साल की सजा और 11 हजार रुपये जुर्माना लगाया जुर्माना

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सुयश प्रकाश श्रीवास्तव ने घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के छह साल पुराने में मामले में आरोपी को दोषी माना है। दोषी को चार साल की सजा का कारावास और 11 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि न देने पर दोषी को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 फरवरी 2018 को उसके गांव में कथा हो रही थी। रात लगभग नौ बजे उसके परिवार के लोग कथा सुनने के लिए गए थे। वह घर पर अकेली थी। चारपाई पर सो रही थी। गांव निवासी नन्हें लाल पुत्र अभिलाख छत से जीने से उतरकर महिला के कमरे में घुस आया। महिला के सोते समय महिला की रजाई खींच ली और छेड़छाड़ करने लगा।

तमंचा दिखाकर चुप न रहने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना करके आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाए। घर में घुसकर छेड़छाड़ और जान से मारने के आरोप में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। जिसके बाद से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। न्यायाधीश ने सोमवार को उपरोक्त पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन करके विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार सिंह, ऐश्वयरा राजपुत व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी को सजा सुनाई।

## घर में टंगे थैले से 92 हजार रुपये चोरी, दी तहरीर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मालगोदाम मार्ग पर बने आंबेडकर छात्रावास के आवास से 92 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना जानकारी सोमवार की सुबह हुई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंच जानकारी की।

जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव चांदपुर निढाया निवासी बादाम सिंह मालगोदाम रोड स्थित आंबेडकर छात्रावास आवास में अकेला रहता है। रविवार की रात 11 बजे वह गांव कैथल स्थित खेत में फसल की रखवाली करने गया था। तभी रात को किसी समय चोर घर में घुस गए और सामान खंगालने लगे। दीवार पर टंगे थैले में रखे 92 हजार रुपये निकाल लिए और लेकर चंपत हो गए। सोमवार की सुबह छह बजे बादाम सिंह घर पहुंचा तो दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा था। थैले में रखे 92 हजार रुपये गायब थे।

## छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ीं, पांच थानों में छह के खिलाफ रिपोर्ट

बदायूं, अमृत विचार : युवतियों और महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं पिछले कुछ दिनों से बढ़ी हैं। जिले के पांच अलग-अलग थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ की घटनाएं हुईं। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### महिला से बहनोई ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

केस 1

उघैती थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली महिला ने बताया कि 26 मई सुबह लगभग 9 बजे अपनी तहेरी बहन के साथ थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव में गई थीं। जहां बहन मौजूद नहीं थीं। बहन का पति रिंकू घर पर था। वह उसका हाथ पकड़कर जबरन कमरे में खींचने लगा। चीखने पर मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान महिला के कानों में पहने सोने के कुंडल, सोने का मंगलसूत्र कहीं गिर गए। महिला की तहरीर पर तहेरे बहनोई के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दावत से लौटकर घर आ रही महिला से छेड़छाड़

केस 2

थाना उसावां क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसके पति बाहर मजदूरी करते हैं। परिवार का ही एक व्यक्ति शराब के नशे में अक्सर गाली गलौज करता है। विरोध करने पर मारपीट करता है। 27 मई रात लगभग साढ़े 10 बजे वह दावत खाकर वापस घर आ रही थी। रास्ते में घात लगाकर बैठे आरोपी ने महिला को रोक लिया। छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर हाथापाई की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सोशल साइट्स पर वायरल किए महिला के फोटो

केस 3

अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा ककराला निवासी महिला ने एक युवक पर छेड़छाड़, धमकाने और सूचना प्रोद्योगिकी संशोधन अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को तहरीर देकर महिला ने बताया कि ककराला के वार्ड 14 निवासी सैफ अली पुत्र नुरुल खां महिला से बात करता था। उसने महिला के निजी फोटो सोशल साइट्स पर वायरल कर दिए। महिला को पता चला तो उसने सैफ अली से ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी ने 27 मई शाम लगभग पांच बजे महिला को फरीदपुर रोड पर बुलाया। सैफ अली तमंचा लेकर आया। महिला से अश्लीलता की और उसे ले जाने लगा। महिला के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### घर में घुसकर विधवा को दबोचा

केस 4

दो युवकों ने घर में घुसकर विधवा को दबोच लिया। महिला के कपड़े फाड़ दिए। महिला चिल्लाई तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने आरोपी आरोपी के राकेश, मोरपाल के खिलाफ जबरन घर में घुसने और छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार 29 मई को सुबह 9 बजे दोनों आरोपी उसके घर में घुस आए और दबोच लिया था। महिला चिल्लाई तो कुछ लोग घर के दरवाजे पर आ गए थे। जिसके चलते वह बच पाई।

### खेत पर युवती से जबरदस्ती, घर पर गुमशुम रहने लगी पीड़िता

केस 5

**ओरछी।** फैजगंज बेहटा के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि 24 मई सुबह लगभग पांच बजे उसकी छोटी बहन शौच के लिए खेत पर गई थी। इसी दौरान गांव ढोरनपुर निवासी अजब पुत्र सत्यवीर वहां पहुंच गया। उसकी बहन से जबरदस्ती करने लगा। बहन किसी तरह उसके चुंगल से बचकर घर पहुंची। घर आकर उसने किसी को कुछ नहीं बताया। गुमशुम रहने लगी। 30 मई को परिजनों ने कारण पूछा तो उसने रोकर आपबीती बताई। छोटी बहन की बात सुनकर वह दंग रह गए और शिकायत करने के लिए आरोपी के घर गए। तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी अजब के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

## वन में आग, खैर सहित तमाम पेड़ जले

संवाददाता, सहसवान


मालपुर ततेरे के जंगल में आग लगने के वीडियो का स्क्रीनशॉट। ● अमृत विचार

● वन कर्मियों ने आग पर पाया काबू रास्ता न होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच सकी

**अमृत विचार :** मालपुर ततेरा क्षेत्र के वन क्षेत्र गांव सुजाबली के जंगल में अचानक आग लगने से खैर सहित लाखों रुपये के पेड़ जलकर नष्ट हो गए हैं। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां आग बुझाने जा रही थीं लेकिन गंगा किनारे का रास्ता न होने के चलते गाड़ियां मौके तक नहीं पहुंच सकीं। वन विभाग के कर्मचारियों ने अपने स्तर से कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसका वीडियो वायरल हुआ। वन विभाग के अधिकारियों ने वीडियो पुराना बताया है।

वन विभाग का मालपुर ततेरा में सरकारी वन क्षेत्र है। जहां हजारों की संख्या में कीमती खैर के पेड़ खड़े हैं। इसके अलावा अन्य प्रजातियों के पेड़ हैं। आग लगने से वन क्षेत्र में लाखों रुपए की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वन विभाग के क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सोशल साइट्स पर जो वीडियो वायरल हुआ है वह पुराना है। वहीं फायर स्टेशन के प्रभारी पीएल सोलंकी ने बताया कि जंगल में आग लगने की सूचना मिली थी। दो गाड़ियां आग बुझाने के लिए गई थीं। रास्ता गंगा किनारे का होने के चलते गाड़ियां नहीं पहुंच पाईं।

## दो भाइयों पर रास्ता घेरकर किया लोहे की रॉड से हमला, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● 25 अप्रैल को दावत से लौटते समय पांच लोगों ने रास्ते में घेरा था

**अमृत विचार :** रंजिशन पांच लोगों ने दो भाइयों पर पांच लोगों ने घेरकर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

दातागंज के मोहल्ला परा के वार्ड तीन निवासी बबलू शर्मा ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि 25 अप्रैल को गांव कैल्हाई निवासी शिवरतन के यहां देवी जागरण की दावत थी। वह दावत खाने गए थे। अपने भाई अंकुल शर्मा के साथ रात लगभग दस बजे बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में सुरेंद्र उर्फ मनोज, रवेंद्र, अरुण, मुनेंद्र, उनके पिता नन्हें शर्मा ने रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियार से बबलू शर्मा और अंकुल शर्मा को बुरी तरह से पीटा। अंकुल शर्मा का सिर फट गया। एक कान से नहीं सुन पा रहे हैं। बबलू शर्मा ने हमलावरों को समझाने का प्रयास किया। तो उन्होंने दोनों भाइयों को जान से मराने की धमकी दी। दोनों भाई बचकर थाने पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अंकुल शर्मा को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जहां से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अब आरोपी फैसले का दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने आरोपी

## ट्रेन से कटकर मगरमच्छ की मौत, वन विभाग के आरबोरेटम में किया दफन

संवाददाता, कछला

● अधिकारियों के अनुसार गंगा से निकलकर ट्रैक पर पहुंचा मगरमच्छ

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला हाल्ट के पास रेलवे लाइन पर मगरमच्छ का क्षत विक्षत शव मिला। माना जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से मगरमच्छ की मौत हुई होगी। लोगों की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम किया। मगरमच्छ के शव का आरबोरेटम में अंतिम संस्कार किया गया।

ग्रामीणों ने सोमवार सुबह कछला रेलवे हाल्ट के पास मगरमच्छ का शव देखा। पहले तो वे डर गए। हरकत न आने पर पास जाने पर देखा कि मगरमच्छ का क्षतविक्षत शव पड़ा है। पुलिस और वन विभाग के उपनिरीक्षक नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गंगा पास में हैं। मगरमच्छ गंगा से निकलकर रेलवे लाइन पर आ गया होगा और रविवार रात ट्रेन से कटकर मौत हो गई होगी। मगरमच्छ कटकर दो हिस्सों में बंट गया था। एक हिस्सा तकरीबन सौ मीटर दूर रेलवे लाइन किनारे मिला। वन विभाग की सूचना पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहर सिंह ने शव का पोस्टमार्टम किया। नवादा चौराहे के पास बने वन विभाग के आरबोरेटम में मगरमच्छ को दफना दिया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि ट्रेन से कटकर मगरमच्छ की मौत हुई थी।


रेलवे लाइन किनारे पड़ा मगरमच्छ का शव।

## रोड पर खड़े ई-रिक्शा से लगा जाम, टोंकने पर पीटा

संवाददाता, सहसवान

● आरोपी व उसके साथियों ने किया लाठी डंडों से हमला

**अमृत विचार :** बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा की वजह से जाम लग रहा था। उसे आगे बढ़ो कहना बाइक सवार युवक को महंगा पड़ गया। ई-रिक्शा आगे बढ़ाने को टोकने पर चालक ने अपने परिचितों को बुलाकर बाइक सवार को पीटा। वह घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा दहगवां निवासी वसीम खितौरा की बाजार से खरीदारी करके कस्बा सहसवान के मोहल्ला पठान टोला होते हुए वापस घर जा रहे थे। मोहल्ले में ई-रिक्शा सड़क पर खड़ होने की वजह से जाम लग रहा था। वसीम ने मोहल्ला पठान टोला निवासी ई-रिक्शा चालक से आगे बढ़ने को कहा इससे ई-रिक्शा चालक गुस्सा गया। उसने बाइक सवार से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर साथियों के साथ वसीम के साथ मारपीट की, जिससे वसीम घायल हो गया। उसने थाना सहसवान में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।


मारपीट में घायल वसीम।

## दुराचार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बिसौली-बिल्सी मार्ग स्थित एक गांव में कुछ दिन पहले एक महिला के साथ दुराचार की घटना हुई। जिसमें महिला की ओर से आरोपी के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सोमवार को थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाल केके मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की महिला ने दूसरे गांव के युवक पर घर में घुस कर दुराचार करने का आरोप लगाते हुए आरोपी बदन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर सोमवार को पुलिस ने बदन सिंह को ग्राम परौली के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसको कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## बाइक सवारों को घेरकर की फायरिंग टंकी पर गोली लगने से जली बाइक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पीड़ितों ने पिता पुत्र पर लगाया आरोप, आरोपियों ने आगे खड़े होकर रोंक ली बाइक

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते क युवक ने अपने भाई, पिता और साथियों के साथ आवास विकास कॉलोनी के पास बाइक सवार तीन युवकों को घेर लिया। गाली-गलौज और मारपीट की। जान से मारने की नीयत फायरिंग की। एक गोली बाइक की टंकी में जा लगी, जिससे बाइक में आग लग गई। आग की लपटें और शोर सुनकर कॉलोनी के लिए पहुंचे। सोमवार को पीड़ित ने पिता-पुत्र समेत छह आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी के बी ब्लॉक निवासी सुनील कुमार पुत्र रमेश चंद्र यादव ने तहरीर देकर बताया कि दो जून रात लगभग पौने नौ बजे वह अपने दोस्त हिमांशु और सोनू के साथ खाना खाने के लिए बाइक से दातागंज रोड स्थित एक ढाबे पर जा रहे थे।

आवास विकास कॉलोनी से दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर जाते समय पिता-पुत्र समेत छह लोग उनकी बाइक के आगे आकर खड़े हो गए। घेरकर मारपीट करना शुरू कर दिया। कहा कि अब देखते हैं कौन बचाएगा। आरोपी पिता-पुत्र ने ने तमंचा निकाला और फायरिंग शुरू कर दी। सुनील कुमार बच गए और गोली उनकी बाइक की टंकी में जा लगी। जिससे बाइक में आग लग गई। पूरी बाइक जल गई। आरोपियों को हमलावर होता देख सुनील कुमार, हिमांशु और सोनू मौके से भाग गए। वहीं आग की लपटें देखकर और शोर सुनकर कॉलोनी के लोग पहुंचने लगे। हमलावर मौके से भाग निकले। सुनील कुमार ने आरोपी पिता-पुत्र समेत छह लोगों को नामजद करते हुए अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई थी। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## लूट की योजना बना रहे दो बदमाश गिरफ्तार, भेजा जेल


इस्लामनगर पुलिस की गिरफ्त में चोरी व लूट की योजना बनाते पकड़े गए आरोपी।

**इस्लामनगर/नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर पुलिस ने चोरी और लूट की योजना बनाते दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लूट की घटना में प्रयुक्त होने वाला सामान भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। इस्लामनगर के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने नूरपुर पिनौनी क्षेत्र में निर्माणाधीन मंडी समिति ने इस्लामनगर के मोहल्ला मनिहार निवासी जुल्फिकार और मोहल्ला मुस्फाबाद निवासी शौकीन को हिरासत में लिया। वह चोरी व लूट की योजना बना रहे थे। दोनों के पास से एक-एक तमंचा, जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद हुई। आरोपी जुल्फिकार के खिलाफ पहले कई मुकदमें पंजीकृत हैं।

# किराएदार समेत ले गए लाखों के जेवर- नगदी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सात माह पूर्व ही किराए पर रहने आए थे मध्य प्रदेश के दंपती
- गृहस्वामिनी ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** शहर के मुहल्ला नवाब ईस्माइलपुर रोड पर किराएदार ही लाखों रुपये के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गया। मामले में गृहस्वामिनी ने तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ की है।

शहर के ईस्माइलपुर रोड निवासी भगवान देवी पत्नी अमर सिंह के मकान में लगभग सात माह पूर्व मध्यप्रदेश के भोपाल के सैमरा गेट चौखड़ निवासी किशन साहू अपनी पत्नी आरती के साथ किराए पर रहने आया था। किशन मजदूरी करता था, जबकि उसकी पत्नी आरती दोना फैक्ट्री में काम करती थी। बीते दिवस भगवान देवी का पति अमर सिंह व्यापारिक कार्य से बाहर गया था।

रात को भगवान देवी सो रही थी। तभी किराएदार दंपती लकड़ी के संदूक को काट लिया और उसमें में रखे 50 हजार रुपये नगद सहित लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए।

गृहस्वामिनी सुबह जब सोकर उठी तो देखा कि संदूक का ताला टूटा हुआ पड़ा है। जेवरात और नगदी गायब है। वह किराएदार दंपती को उनके कमरे में देखने गए तो वे नहीं थे। काफी प्रयास के बाद जब दंपती का पता नहीं लगा तो किराएदार ने चोरी की तहरीर सदर कोतवाली में दी है।

इंस्पेक्टर रामवकील सिंह का कहना है कि तहरीर मिल गई है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# पति की हत्या में महिला और उसके प्रेमी को उम्रकैद, 1.10 लाख जुर्माना

## चार साल पहले महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला घोंटकर हत्या कर दी थी

संवाददाता, एटा

- अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास

**अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश ने पति की हत्या मामले में महिला और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महिला ने करीब चार साल पहले प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसका शव अकराबाद में फेंक दिया था जो वहां के चौकीदार को लावारिस हाल में मिला। पुलिस द्वारा छपवाए गए पंफलेट के आधार पर मृतक के पिता ने पांच दिन बाद पहचान की थी।

मामले की रिपोर्ट अलीगढ़ के थाना अकराबाद में कप्तान सिंह निवासी ग्राम पुराहार बुलाकी नगर थाना अलीगंज ने 10 फरवरी 2020 को दर्ज कराई थी। बताया कि उनका पुत्र देवेंद्र उर्फ दुशेंद्र (40) अपने दो नाबालिग बच्चों और पत्नी राधा के साथ एटा शहर के शांतिनगर में रहता था। 5 जनवरी 2020 को जब वह वहां गए तो पुत्रवधू मिली। देवेंद्र के बारे में पूछने पर बताया कि वह 2 जनवरी को सुबह 6 बजे काम से नोएडा गए हैं। नोएडा सहित अन्य स्थानों पर तलाश करने पर वह नहीं मिला। 6 जनवरी को कोतवाली नगर एटा में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

वहां अकराबाद पुलिस ने पंफलेट दिखाए तो पुत्र की पहचान की। इसके बाद घर आकर उन्होंने और परिजन ने पुत्रवधू से कड़ाई से पूछताछ की। इसमें उसने कबूला कि 1 जनवरी की रात उसने अपने प्रेमी संजय यादव निवासी नगला चमन थाना जसरथपुर व दो अज्ञात लोगों को बुलाकर गला घोंटकर देवेंद्र की हत्या कर दी और शव को अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव रामपुर लधौआ में जीटी रोड किनारे ले जाकर फेंक दिया।

पुलिस ने जांच करने के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। न्यायाधीश निशांत शैव्य ने सभी गवाहों व सबूतों को परखा और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद संजय यादव और राधा को दोषी ठहराया। दोनों को आजीवन कारावास और 1.10 लाख अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### बेटी की गवाही रही महत्वपूर्ण

जिस रात देवेंद्र की हत्या की गई, उसकी नाबालिग बेटी भी उसी कमरे में सोई थी। अदालत में उसने अपनी मां के खिलाफ गवाही दी तो केस अधिक मजबूत हो गया। बेटी ने बताया कि मम्मी, पापा, मैं और भाई कमरे में सो रहे थे। मम्मी के मोबाइल पर कॉल आई और उन्होंने दरवाजे की कुंडी खोल दी। संजय यादव सहित तीन लोग अंदर आए। मम्मी ने चारपाई के नीचे से केबल निकालकर उन्हें दे दी जिसे संजय ने पापा के गले में बांध दिया और मम्मी ने पापा के पैर पकड़ लिए। इनमें से एक आदमी ने मुझे चुप रहने की कहकर जान से मारने की बात कहकर डराया भी। अदालत में विचारण के दौरान यह बात भी सामने आई कि 16 सितंबर 2019 को राधा अपने प्रेमी संजय के साथ चली गई थी। बाद में वापस आई तो संजय को बुलाकर पंचायत की गई। संजय और उसने फिर आपस में संबंध न रखने की बात कही। देवेंद्र ने पंचायत के दौरान ही संजय को चार-पांच थप्पड़ मारे थे। इससे अपमानित संजय ने राधा संग मिलकर हत्या की साजिश रच ली थी।

## सार-संक्षेप

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कासगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नदरई में सड़क पा कर रहे साइकिल सवार भूपेश निवासी नदरई को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक सवार वाहन सहित मौके से फरार हो गया है। परिजन घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं।

### एनडीपीएस के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**कासगंज।** सदर कोतवाली से संबंधित जिला जेल में निरुद्ध एनडीपीएस के आरोपी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में जमानत के लिए प्रार्थना प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी ने जमानत अर्जी का विरोध किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मुशब्बीर की जमानत अर्जी निरस्त की है।

### बड़े भाई और भतीजे को पीटकर किया घायल

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव बिजौरी में जमीन के विवाद में दो सगे भाइयों में जमकर लाठी डंडा चले। जिसमें पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बिजौरी निवासी धर्मेन्द्र पुत्र रामपाल ने मेडिकल कालेज में बताया कि उसने कुछ जमीन खरीदी थी। छोटे भाई यतेन्द्र जमीन में जबरन हिस्सा मांग रहा था। उसने हिस्सा देने से मना किया तो यतेन्द्र, भूरा व उसकी बेटी ने लाठी डंडों से जमकर मारपीट की, जिससे वह व उसका पुत्र हर्षित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट, दंपती घायल

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में दंपती घायल हो गए। शहर के मोहल्ला पुरानी बस्ती निवासी लखन पुत्र जीवन सिंह ने बताया वह अपने बहन और बहनोई की विदा कर रहा था। तभी उसके ताऊ का लड़का अपने साथियों के साथ आ गया और गाली गलौज करने लगा। ज़ब उसने विरोध किया तो मारपीट की गई। इस मारपीट में लखन और परिवार परिवार में अमित की पत्नी सुनीता घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# बाबू ने उप कृषि निदेशक को सड़क पर गिराकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर, उच्च अधिकारियों को लिखा पत्र

**अमृत विचार:** कासगंज मुख्यालय पर तैनात उप कृषि निदेशक पर उनके अधीनस्थ बाबू ने हमला कर दिया, जिससे उनके गंभीर चोटे आए हैं। पीड़ित ने तहरीर पुलिस को दी है और उच्च अधिकारियों को भी कार्रवाई के लिए पत्र लिख दिया है।

कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक महेंद्र सिंह कासगंज मुख्यालय अपने आवास से सोमवार को कार्यालय जा रहे थे। कार्यालय के मुख्य द्वार पर घुसते ही उनके अधीन कार्यरत लिपिक धर्मेंद्र कुमार ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें सड़क पर गिराकर पीटा। जब उन्होंने संभलने की कोशिश की तो फिर से हमला कर दिया। आरोप है कि कनिष्क लिपिक उन्हें जान से मारना चाहता था। विभागीय कर्मचारियों ने उप कृषि निदेशक को बचाया। उसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

> मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया गया। आरोपी धर्मेंद्र के विरुद्ध मैंने प्रार्थना पत्र दे दिया है। उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिख दिया है।
> -**महेंद्र सिंह,** उप कृषि निदेशक

> तहरीर मिल चुकी है। मामले की जांच हो रही है। संबंधित धाराओं में आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी और विधिक कार्रवाई होगी।
> -**राम वकील,** इंस्पेक्टर

पीड़ित ने तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। साथ ही एक पत्र मुख्य विकास अधिकारी, जिला अधिकारी और अन्य उच्च अधिकारियों को लिख दिया है, जिससे अधीनस्थ बाबू के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो सके। बताया कि आरोपी अपराधी किस्म का है। मामले में उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लिया है।

# मतगणना को लेकर प्रत्याशियों ने एजेंटों को किया सतर्क

**एटा, अमृत विचार:** लोकसभा क्षेत्र एटा की मतगणना आज मंडी परिसर में होगी। ईवीएम में कैद जनमत किस प्रत्याशी की किस्मत लिखेगा, आज दोपहर तक मालूम हो जायेगा। अपनी दावेदारी को मजबूत मान रहे प्रत्याशियों का रक्तचाप फिलहाल बढ़ गया है। मतगणना के लिए सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली गयी हैं।

मतगणना को लेकर प्रत्याशियों ने अपने मतगणना एजेन्टों को सतर्क किया है। कहा कि मतगणना स्थल पर समय से पूर्व पहुंचे तथा हर छोटी-बडी चीज पर बारीकी से नजर रखें। गडबडी होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत करायें। प्रत्याशियों ने एजेंटों से कहा कि अपनी-अपनी टेबल पर मतगणना पर विशेष निगाह रखें। यदि मतगणना में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी हो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराये तथा मुझे भी अवगत करायें।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी व बेटा घायल

संवाददाता, एटा

- ससुराल में बच्चे के नामकरण में जाते समय कीलरमऊ के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बागवाला थाना क्षेत्र में मैक्स पिकअप गाड़ी ने बाइक सवार दंपती समेत तीन को रौंद दिया। दुर्घटना में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटा को मामूली चोट आई है।

अलीगढ़ के गंगीरी थाना क्षेत्र के नगला हिमाचल निवासी कमलेश सिंह (42) पुत्र परमेश्वर सिंह अपनी पत्नी सीतला देवी और बेटा जगदीश के साथ मोटरसाइकिल से रविवार की देर रात जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम नगला रंजीत ससुराल जा रहा था। यहां बच्चे का नामकरण था। बाइक बागवाला के गांव कीलरमऊ के पास पहुंची कि तभी सामने से आ रही मैक्स पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी सीतलादेवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, बेटा जगदीश को मामूली चोट आई। सीतलादेवी का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है।



हादसे में युवक की मौत के बाद बिलखतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### सवारियों से भरा ऑटो पलटा, चालक समेत कई घायल

**एटा, अमृय विचार :** सोमवार को सुबह बेकाबू ऑटो रिजोर थाने के पास पलट गया। हादसे में चालक समेत कई सवारियां घायल हो गई। अन्य सड़क हादसों में एमआर समेत चार लोग घायल हो गए। रिजोर निवासी सादन सिंह पाढम की तरफ से आटो में सवारियां लेकर एटा जा रहा था। ऑटो रिजोर थाने के पास पहुंचा कि बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक सादन सिंह और रिजोर निवासी अख्तरीदेवी पत्नी नूरमुहम्मद समेत कई सवारियां घायल हो गईं। वहीं कचहरी रोड स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इस घटना में ई-रिक्शा सवार सोनम, दीपाली, कौशल, किशोर घायल हो गया। इधर बागवाला थाने के समीप बाइक गड्ढे में जा गिरी, इस घटना में एमआर सौदान सिंह घायल हो गया, वह अलीगंज से लौट रहा था।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में आज होगी मतगणना

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन प्रांगण में मतगणना हेतु तैनात किए गए अधिकारियों, सीएपीएफ, पीएसी, पुलिसबल को ब्रीफ किया।



अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित करते जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह। ● अमृत विचार

डीएम ने निर्देश दिए कि 4 जून को प्रातः 08 बजे से मण्डी समिति में मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जाये। इसके लिए सभी मतगणना कार्मिक, ड्यूटी पर तैनात फोर्स द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्य किया जाए, जो भी दायित्व सौंपे गये हैं उनका पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। मतगणना प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता कायम रहनी बहुत जरूरी है। मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये हैं, चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगा। आयोग की बेबसाइड पर मतगणना की अपडेटिंग होगी। मतगणना प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मतगणना केन्द्र पर प्रवेश हेतु पास जारी किये गये हैं, बिना पास कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा। सेन्ट्रल पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ-साथ, पीएसी एवं पुलिस बल को तैनात किया गया है। मीडिया के प्रतिनिधियों को प्रेस पास जारी किए गए हैं तथा मतगणना स्थल पर उनके बैठने हेतु मीडिया सेंटर की व्यवस्था की गई हैं। मीडिया के बंधु मोबाइल फोन ले जा सकेंगे। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मण्डी समिति के दोनों गेटों पर क्लॉक रूम की व्यवस्था की गई। ड्यूटी के दौरान विनम्रता, शिष्टाचार, कानून के प्रति सम्मान बरकरार रखना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने कहा कि जनपद में धारा 144 लागू हैं, धारा 144 का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। मतगणना हेतु कुल 304 गणना कार्मिक लगाए गए हैं, मतगणना हेतु विधान सभावार 14-14 टेबल की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा में एआरओ टेबिल लगाई जाएगी। सीडीओ डा. एके वाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एआरओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- अनाधिकृत व्यक्तियों का मतगणना स्थल पर प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

# कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने आएंगे कांग्रेस प्रदेश सचिव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कासगंज-एटा लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा प्रत्याशी में है सीधा संघर्ष

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने और सतर्कता के लिए कांग्रेस के प्रदेश सचिव डेरा जमाएंगे।

एटा-कासगंज लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा (इंडिया) प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। आज कासगंज-एटा लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभाओं में से तीन विधानसभा कासगंज, अमांपुर और पटियाली की मतगणना शहर के अमांपुर रोड स्थित गल्ला मंडी परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। मतगणना में किसी भी प्रकार कोई गड़बड़ी न हो और कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहे इसके लिए कांग्रेस के प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप कासगंज में रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सचेत भी किया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के भी शहर में पहुंचने की चर्चा है। सपा एक के वरिष्ठ नेता ने उनके आने की बात तो कही है, लेकिन इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

सपा नेता का कहना है कि अखिलेश यादव एटा, कासगंज, बदायूं कन्नौज, फर्रुखाबाद और मैनपुरी सहित प्रदेश की अन्य सीटों के लिए कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने निकलेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### फाबड़ा और सरिया से दंपती पर हमला कर किया लहूलुहान

**अवागढ़ अमृत विचार :** अवागढ़ थाने में भोला पुत्र राधेश्याम निवासी नगला सीर ने गांव के निवासी भुल्ला पुत्र मान सिंह समेत दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। भोला ने बताया कि 30 मई को भुल्ला अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर माता-पिता के साथ सरिया व फाबड़ा से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। जाते समय जान से मारने की धमकी दे गए।

### किशोरी से छेड़खानी, बचाने गई चाची को दी धमकी

**एटा, अमृत विचार :** सकीट थाना क्षेत्र में जंगल में गई एक किशोरी के साथ छेड़खानी की गई। बचाने गई चाची को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सकीट थाने में एक महिला ने नगला बाबली निवासी विनोद पुत्र पप्पू सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उसने बताया है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी जंगल में किसी कार्य हेतु गई थी तभी विनोद वहां आ गया। आरोपित द्वारा बेटी के साथ छेड़खानी की, इसी दौरान बेटी की चाची बचाने पहुँच गईं तो आरोपित ने उसको जान से मारने की धमकी दी और वहां से चला गया।

# महापुरुषों की मूर्तियों के आसपास डाली जा रही गंदगी

- मंदिर भी नहीं छोड़े, नगर पालिका को नहीं दिखते गंदगी के ढेर

**संवाददाता, जलेसर, अमृत विचार:** नगर के सर्वाधिक व्यस्ततम चौराहा नाला बाजार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास कूड़ा डाला जा रहा है। वहीं मोहल्ला महावीरगंज स्थित मां दुर्गा मंदिर के निकट भी गंदगी डाली जाती है। नागरिकों में तीव्र रोष है।

जलेसर में पालिका परिषद के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति नाला बाजार पर लगाई गई है। मूर्ति के कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। वहीं मूर्ति को चारों ओर से ठेले वाले घेर लेते हैं जिससे मूर्ति दिखाई नहीं देती। नगर वासियों ने कई बार पालिका एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संबंध में कार्यवाही के लिए अनुरोध किया लेकिन लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। नगर में अन्य स्थानों पर भी शहीदों की प्रतिमाएं लगी हैं। देखरेख के अभाव में उनका भी यही हाल है। महावीर गंज स्थित मां दुर्गा मंदिर के निकट भी कूड़ा घर बना दिया गया है। जिसके चलते श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।



महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट पड़ा कूड़े का ढेर।



जलेसर में पालिका परिषद की लाल फीता शाही के चलते राष्ट्रपिता गंदगी के ढेर में रह रहे हैं। पालिका प्रशासन को जल्द साफ-सफाई करानी चाहिए। - **मनोज वार्ष्णेय** हलवाई



नगर में अतिक्रमण का जाल बिछ गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास कूड़े के ढेर लग जाते हैं। पालिका की गाड़ी आती भी है तो कूड़े को नहीं उठाती। - **राहुल अग्रवाल**

> इस संबंध में अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली थी। कार्यवाही की जाएगी। राष्ट्रपिता की प्रतिमा को सुरक्षित एवं सफाई व्यवस्था चाक चौबंद कराई जाएगी। ऐसा दोबारा न हो इसके लिए भी प्रयास किया जाएगा।
> -**गौरी देवी वर्मा,** नगर पालिका अध्यक्ष

